भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 3087
दिनांक 21 दिसम्बर, 2023

पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण

†3087. श्री विनोद लखमशी चावड़ा :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार वर्तमान प्रगति रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लक्ष्य को प्राप्त करने वाली है;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार का इथेनॉल के उत्पादन के लिए गुजरात में विशेषकर भुज, अबडासा, गांधीधाम, रापर, मांडवी और अंजार तालुकाओं में इथेनॉल मिश्रित ईंधन शुरू करने और इथेनॉल जैव-रिफाइनरी स्थापित करने का विचार है ताकि गन्ना किसानों को बेहतर कीमत मिल सके;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क): राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति-2018 में एथेनॉल आपूर्ति वर्ष (ईएसवाई) 2025-26 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल के मिश्रण के निर्देशात्मक लक्ष्य उपलब्ध करवाए गए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियों (ओएमसीज) ने ईएसवाई 2021-22 के दौरान 10 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण तथा ईएसवाई 2022-23 के दौरान 12 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। ई20 (20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) ईंधन को फरवरी 2023 में पहले ही शुरू कर दिया गया है और सार्वजनिक क्षेत्र की ओएमसीज द्वारा 8500 से अधिक खुदरा बिक्री केन्द्रों पर इसकी बिक्री की जा रही है।

(ख) से (घ): एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल (ईबीपी) कार्यक्रम के तहत पीएसयू ओएमसीज गुजरात सहित पूरे देश में एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री कर रही हैं। इसके अलावा, ईबीपी कार्यक्रम के तहत निर्धारित मिश्रण संबंधी लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य से देश में एथेनॉल उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए सरकार ने जुलाई, 2018 से अप्रैल, 2022 तक अनेक एथेनॉल ब्याज इमदाद योजनाओं को अधिसूचित किया है और पूरे देश में नई आसवनियों (शीरा आधारित, खाद्यान्न आधारित तथा दोहरे फीड स्टॉक आधारित) की स्थापना करने अथवा मौजूदा आसवनियों (शीरा आधारित, खाद्यान्न आधारित तथा दोहरे फीड स्टॉक आधारित) का विस्तार करने के लिए उद्यमियों की सहायता कर रही है। इस योजना के तहत गुजरात राज्य में 27 ऐसी परियोजनाओं को अनुमोदित कर दिया गया है।

*****